# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–30 नवम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण गीडा की पैतालीसवें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने गीडा के 85 उद्यमियों को भूखण्ड आवंटन पत्र सौंपा और दो सौ करोड़ रूपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने दो दिवसीय ट्रेड शो का शुभारम्भ भी किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गीडा का लैंड बैंक बढ़ाया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक उद्योग यहां लग सकें और उद्योगपति सुविधा और सुरक्षा के साथ अपना उद्योग स्थापित कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश की झड़ी सी लग गयी है। देश के कई उद्योगपति प्रदेश में अपनी औद्योगिक यूनिट स्थापित करने के लिये प्रेरित हुए हैं।

**********

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक आज एक दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। वहां उन्होंने निर्माण परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर पीडब्ल्यूडी और सेतु निगम के अभियंताओं को युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। उप मुख्यमंत्री ने वाराणसी के मछोदरी स्थित कम्पोजिट विद्यालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधा की जानकारी ली।

**********

केन्द्र सरकार ने कहा है कि सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के तहत लगभग 7 करोड़ 43 लाख लाभार्थियों को पंजीकृत किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं और 16 वर्ष तक के बच्चों को 12 जीवन–घातक बीमारियों की रोकथाम के टीके दिए जाते हैं। लोकसभा में एक लिखित उत्तर में, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने यह जानकारी दी। सुश्री पटेल ने यह भी बताया कि गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध मोबाइल ऐप यू–विन ने टीकाकरण सेवाओं की पहुंच और जागरुकता में सुधार किया है। यू–विन में टीकाकरण सेवाओं की पहुंच 'कभी भी', 'कहीं भी', आयुष्मान भारत हैल्थ अकाउंट–आभा और क्यूआर–आधारित ई–टीकाकरण प्रमाणपत्र जैसी सुविधाएँ दी गई हैं।

**********

सरकार ने कहा है कि 25 नवम्बर तक आयुष्मान भारत– प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए लगभग 14 लाख आयुष्मान वय वंदन कार्ड जारी किए गए हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने लोकसभा में लिखित उत्तर में कल यह जानकारी दी है।

**********

वाराणसी के ईरी सेंटर में आयोजित तेरहवें राष्ट्रीय बीज कांग्रेस का तीन दिवसीय आयोजन आज सम्पन्न हुआ। **बीज क्षेत्र में क्षेत्रीय सहयोग, साझेदारी और ज्ञान का आदान–प्रदान** विषय पर आयोजित इस बीज कांग्रेस में जलवायु अनुकूलन बीज, नई बीज तकनीक और टिकाऊ कृषि पर चर्चा के लिये कई तकनीकी सत्र आयोजित किये गये। बीज कांग्रेस के समापन समारोह में प्रदेश के कृषि विपणन मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की मौजूदगी रही। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से प्रदेश में बीज क्षेत्र को मजबूत करने पर और बीज संवर्धन को लेकर चर्चा की और बीज संवर्धन की जानकारी किसानों को देने पर जोर दिया। इस बीज कांग्रेस का आयोजन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, राष्ट्रीय बीज अनुसंधान और अन्तर्राष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान के सहयोग से किया गया।

**********

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की शिक्षाशास्त्र विभाग की पूर्व अधिष्ठाता प्रोफेसर शोभा गौंड़ को मिर्जापुर के नव स्थापित मां विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय का पहला कुलपति बनाया गया है। शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल ने प्रोफेसर गौंड़ की नियुक्ति का आदेश राजभवन की स्वीकृति से जारी कर दिया है।

**********

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल एक दिवसीय दौरे पर कानपुर आयेंगे। वह शहर के सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगे और उसके बाद आईआईटी कानपुर का भी दौरा करेंगे। उप राष्ट्रपति वहां छात्र–छात्राओं और शिक्षकों को संबोधित भी करेंगे।

**********

श्रावस्ती में राष्ट्रीय राजमार्ग सात सौ तीस पर मोहनीपुर जमुनहां के पास आज दोपहर एक तीन पहिया वाहन और चार पहिया वाहन के आमने–सामने की टक्कर के बाद से दोनों वाहन पास की खाई में गिर गये। इस भीषण दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गयी है जबकि सात लोगों के गम्भीर रूप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घायलों को इलाज के लिये मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सड़क दुर्घटना का संज्ञान लिया है और जनहानि पर गहरा दुख प्रकट करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही घायलों के समुचित उपचार का निर्देश दिया है।

**********

लखनऊ में सैय्यद मोदी अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला सिंगल्स में पीवी सिंधु ने फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने अंतिम चार के मुकाबले में उन्नति हुड्डा को पराजित किया। मिक्स्ड डब्ल्स में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो फाइनल में पहुंच गयी है।

**********